CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल


▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 173 ▫ रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## नेशनल हाइवे पर दर्दनाक सड़क हादसा

# 2 महिला और 2 बच्चों की मौके पर मौत, एक बच्चा घायल

**दुर्ग, 16 जुलाई (हाईवे चैनल)।** कुम्हारी के समीप नेशनल हाइवे 53 पर सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से तेज रफ्तार स्कूटी जा टकराई, जिसमें स्कूटी सवार दो महिला और दो बच्चों की मौके पर मौत हो गई, वहीं एक बच्चा घायल हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भिलाई-3 निवासी अमृत निर्मलकर (28 वर्ष) स्कूटी चला रही थीं. उनके साथ कुल पाँच लोग बसंत विहार, रायपुर स्थित अपने मामा के घर जाने के लिए निकले थे. रास्ते में राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े ऑक्सीजन सिलेंडर लोड ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 07 एनए 0930 के पीछे स्कूटी टकरा गई।

दुर्घटना में चार व्यक्तियों की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई, जबकि एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतकों में अमृत निर्मलकर (28 वर्ष) के अलावा लक्ष्मी निर्मलकर (26 वर्ष), यासना (7 वर्ष), डाली (4 वर्ष) शामिल हैं. वहीं घायल भावेश (8 वर्ष) को उपचार के लिए एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला स्थित मर्चुरी में रखा गया है. घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी गई है. दुर्घटना में संलिप्त ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा जप्त कर थाना परिसर लाया गया है. वहीं ट्रैक्टर चालक भोला यादव को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है. प्रकरण की विवेचना जारी है।



## मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 2 महिलाओं की मौत, 10 घायल

**बलरामपुर, 16 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जारगीम गांव के पास मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 10 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र का है। डेमोग्राफ़िक्स

मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन में बड़ी संख्या में मजदूर सवार थे, जो अपना काम करके वापस घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जारगीम गांव के पास अचानक पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई और उसमें सवार सभी गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की



सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। वहीं पुलिस और एंबुलेंस को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद सभी घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं करीब 10 मजदूर घायल हुए हैं, जिनमें से 4 को गंभीर चोटें आई हैं। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, दुर्घटना कैसे हुई, इसके वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है।

# फर्जी ग्रामसभा प्रस्तावों पर विधानसभा में मचा हंगामा

## मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया वॉकआउट



छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र




**रायपुर, 16 जुलाई (हाईवे चैनल)।** विधानसभा में गुरुवार को फर्जी ग्रामसभा प्रस्तावों के आधार पर उद्योग स्थापना को लेकर जोरदार हंगामा हुआ. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार से दोषियों पर कार्रवाई और कंपनियों को आवंटित जमीन निरस्त करने की मांग की. मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

भूपेश बघेल ने ग्राम अल्दा और देवरी-घुलघुल में उद्योग स्थापना के लिए कथित फर्जी ग्रामसभा प्रस्तावों का मुद्दा उठाया। सरकार ने बताया कि दोनों कंपनियों ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से जल एवं वायु अधिनियम के तहत सहमति के लिए आवेदन ही नहीं किया, इसलिए मंडल को ग्रामसभा प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए। सरकार ने स्वीकार किया कि ग्राम अल्दा के प्रस्ताव में जालसाजी की शिकायत की जांच त्रि-सदस्यीय समिति ने की थी. जांच में पाया गया कि ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देने का प्रस्ताव पारित किया था, जबकि कार्यवाही पंजी की अंतिम दो पंक्तियां किसने लिखीं, इसकी जानकारी किसी को नहीं है।

सरकार ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर 22 जून 2026 को थाना तिल्दा-नेवरा में बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. सरकार ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने संबंधित परियोजनाओं को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की है। भूपेश बघेल ने पूछा कि क्या सरपंच-सचिव पर कार्रवाई होगी? बालाजी स्पंज एवं आयरन लिमिटेड और अग्रसेन स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित जमीन निरस्त की जाएंगी. पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पुलिस विवेचना कर रही है, जांच के निष्कर्ष के आधार पर दोषियों और कंपनियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया।

## बालार्जुन ताम्रपत्र की भाषा पर घिरे मंत्री

### पीएम के मन की बात का हवाला देकर कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने संस्कृति मंत्री को घेरा

### मंत्री बोले- गलत जवाब देने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान आज ज्ञान भारतम अभियान के तहत प्राचीन पांडुलिपियों और ऐतिहासिक ताम्रपत्रों के सत्यापन का मुद्दा उठा। कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने मल्हार से प्राप्त ऐतिहासिक बालार्जुन की ताम्रपट्टिकाओं को लेकर प्रश्नकाल में सवाल उठाया। विधायक राघवेंद्र सिंह ने सदन में कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में देश को यह बताया था कि यह ऐतिहासिक ताम्रपत्र ब्राह्मी और पाली भाषा में लिखा गया है। जबकि आज सदन में विभागीय मंत्री कह रहे हैं कि यह ब्राह्मी और संस्कृत भाषा में लिखा गया है। प्रधानमंत्री जब देश के सामने कुछ कहते हैं, तो पूरा देश उसे सही मानकर उस पर अटूट भरोसा करता है। लेकिन मंत्री का यह जवाब देश और सदन को पूरी तरह गुमराह करने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी गलत तथ्य पेश कर मंत्री से गलत जवाब दिलवा रहे हैं। राघवेंद्र सिंह ने सवाल किया कि सदन को गुमराह करने वाले अधिकारियों के खिलाफ क्या तत्काल कार्रवाई की जाएगी?

कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह के सवाल पर संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल बैकफुट पर नजर आए। उन्होंने विपक्ष के आरोप की गंभीरता को देखते हुए सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस पूरे मामले में जो भी जिम्मेदार अधिकारी हैं, जिन्होंने यह विसंगतिपूर्ण जानकारी तैयार की है, हम उनके खिलाफ निश्चित रूप से जांच कर कड़ी कार्रवाई करेंगे।

संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने राघवेंद्र सिंह के सवाल के जवाब में बताया कि ज्ञान भारतम् अभियान के तहत छत्तीसगढ़ से मोबाइल ऐप के जरिए कुल 1,24,422 पांडुलिपियों को पंजीकृत किया गया था। इनमें से 12,040 पांडुलिपियां ज्ञानभारतम केंद्र नई दिल्ली द्वारा सत्यापित की जा चुकी हैं, जबकि 1,12,382 पांडुलिपियां तकनीकी या अन्य कारणों से अस्वीकृत कर दी गई हैं। विवाद की मुख्य वजह बिलासपुर जिले के मस्तूरी क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थल मल्हार से प्राप्त प्रसिद्ध बालार्जुन ताम्रपट्टिका बनी। मंत्री ने अपने जवाब में बताया कि इसकी खोज वर्ष 1987 में हुई थी, इसकी लिपि पेटिकाशीर्ष ब्राह्मी और भाषा संस्कृत है। वर्तमान में यह ऐतिहासिक अभिलेख मल्हार निवासी संजीव पाण्डेय के आधिपत्य में सुरक्षित है।

## सोनिया गांधी के घर पर बैठक के बाद बड़ा एलान- 'परिसीमन बिल का विरोध करेगी कांग्रेस'

**नई दिल्ली, 16 जुलाई (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस ने कहा है कि संसद के आगामी मानसून सत्र में सरकार जिन प्रमुख विधेयकों को लाने की तैयारी कर रही है, उनका पार्टी पुरजोर विरोध करेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने अपनी बैठक में कई प्रस्तावित विधेयकों पर चर्चा की और तय किया कि विपक्षी दलों के साथ मिलकर इनके खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। जयराम रमेश ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि केंद्रीय गृह मंत्री परिसीमन विधेयक को फिर से संसद में लाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 17 अप्रैल को सरकार इस विधेयक पर दो-तिहाई बहुमत हासिल करने में असफल रही थी और उसे बड़ा झटका लगा था। अब सरकार इसे दोबारा लाना चाहती है। कांग्रेस इस विधेयक का पहले भी विरोध करती रही है और आगे भी करती रहेगी। साथ ही विपक्षी दलों की एकजुटता बनाए रखने की पूरी कोशिश करेगी।




चूहा- सुनती हो, राष्ट्रीय कांग्रेस मानसून सत्र में परिसीमन बिल का विरोध करेगी।

चुहिया- हां जी, लेकिन साथी शरद पवार गुट तो समर्थन करने पर विचार कर रहा है..!

# गर्भगृह से बाहर निकले महाप्रभु श्री जगन्नाथ



**रायपुर, 16 जुलाई (हाईवे चैनल)।** पारंपरिक पाहंडी अनुष्ठान के तहत सबसे पहले भगवान सुदर्शन, फिर भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और अंत में भगवान जगन्नाथ को गर्भगृह से बाहर लाकर उनके भव्य रथों नंदीघोष, तालध्वज और दर्पदलन तक पहुंचाया जा रहा है। रथों पर विराजमान होने से पहले तीनों देवता नए रथों की परिक्रमा करेंगे और रथ बीजे अनुष्ठान के बाद उन्हें सिंहासन पर स्थापित किया जाएगा। इसके बाद गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती विशेष पूजा-अर्चना करेंगे, जबकि पुरी के गजपति महाराजा दिव्यसिंह देव पारंपरिक छेरा पहंरा अनुष्ठान के तहत स्वर्ण जड़ित झाड़ू से तीनों रथों की सफाई कर सुगंधित पवित्र जल का छिड़काव करेंगे। सभी धार्मिक अनुष्ठान पूरे होने और रथों में लकड़ी के घोड़े जोड़े जाने के बाद दोपहर करीब 2 बजे श्रद्धालु रथों को खींचना शुरू करेंगे। परंपरा के अनुसार सबसे पहले भगवान बलभद्र का तालध्वज रथ, फिर देवी सुभद्रा का दर्पदलन और अंत में भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ गुंडिचा मंदिर की ओर रवाना होगा।

### रथयात्रा में शामिल हुए राज्यपाल डेका और मुख्यमंत्री साय



राज्यपाल रमेन डेका रथ यात्रा पर्व के अवसर पर आज गायत्री नगर रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित महाप्रभु जगन्नाथ के रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए। राज्यपाल डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर 'छेरा-पहरा' की रस्म निभाई। राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी ने जगन्नाथ जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।


## बस-हाइवा मे भिड़ंत, बस कंडक्टर व यात्री घायल

**धमतरी, 16 जुलाई (हाईवे चैनल)।** मिली जानकारी के अनुसार मनीष ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 07 ष्टक्त4300 बुधवार रात रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही थी। तभी पूद्ढ ढाबा के आगे राइस मिल के पास हाईवा क्र सीजी 05,क्क5638 अचानक राइस मिल की ओर मुड़ गया। जिससे सामने से आ रही बस उससे टकरा गई।टक्कर इतनी तेज थी कि बस का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे के समय बस में यात्री सवार थे,कई सो रहे थे जिससे चीख-पुकार मच गई। हादसे में रायपुर निवासी बिशाल सिन्हा (40 वर्ष) शामिल है, जो अपने परिवार के साथ तोकापाल जा रहे थे।दूसरे घायल खिलेन्द्र वर्मा (32 वर्ष) है, जो बस में कंडक्टर के रूप में कार्यरत



थे।दोनों का श्री राम अस्पताल में इलाज जारी है। राहत की बात यह रही कि बस में सवार अन्य सभी यात्री सुरक्षित है और किसी अन्य के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है।

वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही वह डोमन साहू के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे।दोनों ने घायलों को प्राथमिक सहायता दी और बिना समय गंवाए श्री राम अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का उपचार जारी है।उन्होंने बताया कि समय पर राहत मिलने से घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सकी। घटना की जानकारी मिलते ही पुरूर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हाईवा के अचानक मुड़ने को दुर्घटना की वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।




CMYK